# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीयकार्य/प्रेसविज्ञप्ति – दिनाकं 19-09-2024

**वादिया को डिजिटल अरेस्ट कर 45 लाख रुपए की धोखाधड़ी/ठगी करने वाले 03 साइबर अभियुक्त गिरफ्तार।**

**कार्यवाही का विवरण--** दिनांक **19.09.2024** को **साइबर थाना नोएडा** द्वारा लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुये डिजिटल अरेस्ट कर 45 लाख रुपए की धोखाधड़ी/ठगी करने वाले 03 अभियुक्तों 1. नितेश कुमार उर्फ टाडा पुत्र सतेन्द्र 2. गूगन राम पुत्र हरचन्द 3. संजय सिंह पुत्र अशोक सिंह को जिला रेवाड़ी हरियाणा से **गिरफ्तार** किया गया है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण--** वादिया द्वारा दिनांक 09/05/2024 को मु0अ0सं0-28/2024 धारा 419,420 भादवि व 66 डी आई.टी.एक्ट का अभियोग थाना साइबर क्राइम नोएडा पर अभियोग पंजीकृत कराया जिसमें साइबर अपराधी द्वारा फेडेक्स कोरियर सर्विस का कर्मचारी बनकर वादियां को उसकी आईडी से मुंबई से थाईलैंड भेजे जाने वाले पार्सल में अवैध पासपोर्ट/क्रेडिट कार्ड व 140 ग्राम एमडीएमए मिलना बताया गया तथा मनी लांड्रिंग का केस होने का आरोप लगाकर 45 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गयी। अभियुक्तों ने बताया कि इस काम में हमारे साथी साहिल (जयपुर) व मोहित (अलवर) निवासी राजस्थान हम लोगों से बैंक खाते लेते है, जिसके बदले हमको पैसा देते है, विवेचना के दौरान तकनीकी व दस्तावेजी साक्ष्यो के आधार पर धारा 120बी भादवि की बढ़ोत्तरी की गयी।

**अभियुक्तों का विवरण--**

1. नितेश कुमार उर्फ टाडा पुत्र सतेन्द्र नि0 ग्राम आनन्दपुर थाना बावल जिला रेवाडी हरियाणा
2. गूगन राम पुत्र हरचन्द नि0 ग्राम रायपुर थाना बावल जिला रेवाडी हरियाणा
3. संजय सिंह पुत्र अशोक सिंह नि0 ग्राम धरचाना थाना बावल जिला रेवाडी हरियाणा

**बरामदगी का विवरण--**

1. 03 एंड्रॉयड मोबाइल फोन

**2. थाना दनकौर पुलिस द्वारा विद्युत मोटर चोरी करने वाले 04 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 बिजली मोटर, 08 कटी बिजली मोटर के पुर्जे, 01 स्टेपलाइजर, भारी मात्रा में कॉपर वायर, अवैध हथियार व घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार बरामद।**

**कार्यवाही का विवरण--** दिनांक **19.09.2024** को थाना दनकौर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान गोपनीय सूचना की सहायता से खेतो से विद्युत मोटर चोरी करने वाले 04 अभियुक्त 1.वहीद फकीर उर्फ रैन्चो पुत्र सद्दा 2.शहनवाज पुत्र शमशाद 3.शहजाद पुत्र इकराम 4.कपिल पुत्र मुकुट को बिजलीघर तिराहे पर गलगोटिया की तरफ से जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 01 बिजली मोटर, 08 कटी बिजली मोटर के पुर्जे, 01 स्टेपलाइजर, भारी मात्रा में कॉपर वायर, 01 अवैध देशी तंमचा .315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस व घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार रजि नं0 एचआर 30 जी 9889 बरामद हुए है।

**अपराध करने का तरीका--** अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है, जिनका पुराना आपराधिक इतिहास है। अभियुक्तगण रात्रि में ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत किसानो के खेतों मे लगी ट्यूबवैल की बिजली मोटर व कॉपर की तार चोरी करते है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि यह पहले दिन में खेतों मे घूमकर रैकी कर यह देखते है कि रात्रि में उन्हे किस-किस ट्यूबवैल की बिजली की मोटर को चुराना है और किस रास्ते से आना है व जाना है। रात्रि मे अभियुक्तगण अपनी स्विफ्ट कार से आते है और गाड़ी को सुरक्षित स्थान पर खडी करने के बाद चुपके से देखते है कि कोई व्यक्ति ट्यूबवैल पर मौजूद तो नहीं है। यह सुनिश्चित होने के बाद की ट्यूबवैल पर कोई व्यक्ति नहीं है, अभियुक्तगण द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता है। अभियुक्तगण एक रात में एक से अधिक ट्यूबवैल की बिजली की मोटर को चोरी करते है तथा राह चलते फेरी वाले कबाड़ियो को बेच देते है और उससे प्राप्त धन को आपस में बराबर बाँट लेते है।

**अभियुक्तों का विवरण--**

1. वहीद फकीर उर्फ रैन्चो पुत्र सद्दा निवासी ग्राम मिर्जापुर, थाना रबुपुरा, गौतमबुद्धनगर उम्र 21 वर्ष।
2. शहनवाज पुत्र शमशाद निवासी मोहल्ला पैठ कस्बा व थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर उम्र 21 वर्ष।
3. शहजाद पुत्र इकराम निवासी मोहल्ला पीरखाँ थाना व कस्बा गुलावठी बुलन्दशहर, उम्र 26 वर्ष।
4. कपिल पुत्र मुकुट निवासी ग्राम कोठी उस्मानपुर थाना दनकौर गौतमबुद्धनगर उम्र 21 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण--**

1. 01 बिजली मोटर
2. 08 कटी बिजली मोटर के पुर्जे
3. 01 स्टेपलाइजर
4. भारी मात्रा में कॉपर वायर
5. 01 अवैध देशी तंमचा .315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस
6. घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार रजि नं0 एचआर 30 जी 9889

**आपराधिक इतिहास का विवरण--**

- **अभियुक्त वहीद फकीर उर्फ रेन्चो--**

1. मु0अ0सं0-0010/2020 धारा 392/411 भा0द0वि0 थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0-137/2022 धारा 379 भा0द0वि0 थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर।
3. मु0अ0सं0-23/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर।
4. मु0अ0सं0-326/2018 धारा 392/411 भा0द0वि0 थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।
5. मु0अ0सं0-022/23 धारा 414 भा0द0वि0 थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर।
6. मु0अ0सं0-130/2020 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।
7. मु0अ0सं0-327/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर।
8. मु0अ0सं0-328/2022 धारा 414 भा0द0वि0 थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर।
9. मु0अ0सं0-131/2020 धारा 120बी/34/414 भा0द0वि0 थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।
10. मु0अ0सं0-1100/2019 धारा 392/411 भा0द0वि0 एक्ट थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।
11. मु0अ0सं0-016/2020 धारा 392/411 भा0द0वि थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।
12. मु0अ0सं0-068/2020 धारा 392/411 भा0द0वि थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।
13. मु0अ0सं0-205/24 धारा 303(2) बीएनएस थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर।
14. मु0अ0सं0-226/2024 धारा 303(2)/324(2)/317(5) भा0द0वि थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर।
15. मु0अ0सं0-237/24 धारा 317(5) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर।

- **अभियुक्त शहनवाज --**

1. मु0अ0सं0- 871/2020 धारा 411/414/482 भा0द0वि थाना सेक्टर-49, गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0- 90/2020 धारा 398/401 भा0द0वि थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर।
3. मु0अ0सं0- 92/2020 धारा 414/482 भा0द0वि थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर।
4. मु0अ0सं0- 253/2023 धारा 323/504/506 भा0द0वि थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर।

5. मु0अ0सं0- 77/2022 धारा 392/411 भा0द0वि थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।
6. मु0अ0सं0- 496/2020 धारा 379/411 भा0द0वि थाना ईकोटेक-3, गौतमबुद्धनगर।
7. मु0अ0सं0-205/24 धारा 303(2) बीएनएस थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर।
8. मु0अ0सं0- 226/2024 धारा 303(2)/324(2)/317(5) भा0द0वि थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर।
9. मु0अ0सं0- 237/24 धारा 317(5) बीएनएस थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर।

- **अभियुक्त शहजाद--**

1. मु0अ0सं0-205/24 धारा 303(2) बीएनएस थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0-226/2024 धारा 303(2)/324(2)/317(5) भा0द0वि थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर।
3. मु0अ0सं0-237/24 धारा 317(5) बीएनएस थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर।

- **अभियुक्त कपिल--**

1. मु0अ0सं0-205/24 धारा 303(2) बीएनएस थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0-226/2024 धारा 303(2)/324(2)/317(5) भा0द0वि थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर।
3. मु0अ0सं0-237/24 धारा 317(5) बीएनएस थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर।